दिन– सोमवार | दिनांक– 12 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.48 बजे से। | अवधि – 10 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद रात्रि आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

02. भारत ने कहा – उसकी लड़ाई आतंकवादियों और उनके सहयोगी ढांचे से है, न कि पाकिस्तानी सेना से।

03. जम्मू कश्मीर के आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद बीएसएफ के एसआई मोहम्मद इम्तियाज को आज पूरे पुलिस सम्मान के साथ सुर्पुद–ए–खाक किया गया।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तीन स्वर्ण, आठ रजत और ग्यारह कांस्य पदक के साथ बिहार पदक तालिका में पंद्रहवें स्थान पर।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद रात्रि आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का यह संबोधन पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद हो रहा है। इससे पहले दोपहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

---

भारत ने कहा है कि उसकी लड़ाई आतंकवादियों और उनके सहयोगी ढांचे से है, न कि पाकिस्तानी सेना से। दिल्ली में एक प्रेस वार्ता में एयर ऑपरेशन महानिदेशक एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैन्य बलों की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत सरकार द्वारा अत्याधुनिक उपकरण और हथियार प्रणाली प्राप्त करने में बजटीय और नीतिगत समर्थन के कारण शक्तिशाली ए.डी. वातावरण को रखना और संचालित करना संभव हो पाया है। सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि पाकिस्तान के पास भारत की हवाई रक्षा को भेदने का कोई मौका नहीं

था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के साथ–साथ बीएसएफ के बीच पूरा तालमेल रहा है। नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा कि नौसेना एक समग्र नेटवर्क बल के रूप में काम करती है जो सभी क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले खतरों से एक साथ निपटने में सक्षम है।

---

इधर, भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों की वार्ता सम्पन्न हो गई है।

---

जम्मू कश्मीर के आरएसपुरा सेक्टर में दस मई को पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद बीएसएफ के एसआई मोहम्मद इम्तियाज को आज पूरे पुलिस सम्मान के साथ सुर्पुद–ए–खाक किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। लोग भारत माता की जय और शहीद जवान अमर रहे के नारे लगाते रहे। इससे पहले आज शहीद एसआई का पार्थिव शरीर पटना हवाई अड्डा पहुंचा। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री नितिन नवीन, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

केन्द्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। श्रीमती खडसे ने पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका मंत्रालय युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य से जोड़ने के लिए माय भारत वालंटियर कार्यक्रम, पदयात्रा, युवा कनेक्ट और माय भारत पोर्टल जैसे कई कार्यक्रमों को बढ़ावा दे रहा है।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने अब तक बाईस पदक जीते हैं। इनमें तीन स्वर्ण, आठ रजत और ग्यारह कांस्य पदक शामिल हैं। आज तलवारबाजी में बिहार के रवि कुमार यादव ने कांस्य पदक जीता। पदक तालिका में राज्य पंद्रहवें स्थान पर है। वहीं, महाराष्ट्र पैंतीस स्वर्ण समेत छियासी पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर बना हुआ है।

---

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने अपने चौदह वर्ष के टेस्ट क्रिकेट जीवन में छियालीस दशमलव आठ–पांच के औसत से एक सौ तेईस टेस्ट मैचों में नौ हजार दो सौ तीस रन बनाये। विराट कोहली, सचिन तेंडुलकर, राहुल द्रविड और सुनील गावस्कर के बाद भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी हैं।

---

आज बुद्ध पूर्णिमा है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, बोधगया में उनके ज्ञान प्राप्ति और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण से जुड़ा है। इस अवसर पर पूजा अर्चना के लिए कई देशों से पर्यटक और श्रद्धालु बोधगया पहुंचे हैं। इधर, पटना के बृद्ध स्मृति पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए। कदमकुआं स्थित बुद्ध मूर्ति और दारोगा प्रसाद राय पथ स्थित गौतम बुद्ध विहार में प्रोफेसर कमल प्रसाद बौद्ध की अध्यक्षता में बुद्ध पूर्णिमा समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और बांका जिले में लू की स्थिति बनी रही। इधर, विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सुपौल, औरंगाबाद और रोहतास जिले में एक–दो स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद रात्रि आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

02. भारत ने कहा – उसकी लड़ाई आतंकवादियों और उनके सहयोगी ढांचे से है, न कि पाकिस्तानी सेना से।

03. जम्मू कश्मीर के आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद बीएसएफ के एसआई मोहम्मद इम्तियाज को आज पूरे पुलिस सम्मान के साथ सुर्पुद–ए–खाक किया गया।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तीन स्वर्ण, आठ रजत और ग्यारह कांस्य पदक के साथ बिहार पदक तालिका में पंद्रहवें स्थान पर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।